AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि में डिप्लोमा के 13 कोर्स ही चलेंगे

विश्वविद्यालय ने जारी किया विस्तृत प्रवेश कार्यक्रम, दस्तावेज सत्यापन कल

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक कोर्सों की प्रवेश प्रक्रिया लगभग समाप्त हो गई है तो पीजी कोर्सों की आखिरी चरण में है। इस क्रम में अब विवि प्रशासन डिप्लोमा कोर्सों की प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर रहा है। हालांकि, इनकी स्थिति बहुत ही खस्ताहाल है। विवि में आधे डिप्लोमा कोर्स कम आवेदन के कारण पहले ही बंद हो चुके हैं, वहीं जिन कोर्सों के लिए आवेदन हुए भी उनमें से मात्र 13 ही नए सत्र 2022-23 में चलेंगे।

विश्वविद्यालय में पीजी डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा, प्रोफिशिएंसी आदि के लगभग 27 कोर्स चलते हैं। लेकिन विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश प्रक्रिया में उक्त में से मात्र 13 डिप्लोमा कोर्सों में ही आवेदन आए। इनकी संख्या भी बहुत कम 321 है। ऐसे में विवि प्रशासन नियमित डिप्लोमा कोर्सों का तो संचालन करेगा, लेकिन सेल्फ फाइनेंस में चलने वाले डिप्लोमा कोर्स तभी चलेंगे जब उनमें निर्धारित सीटों के सापेक्ष 60 फीसदी प्रवेश होंगे।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर की ओर से जारी सूचना में कहा गया है कि डिप्लोमा इन अरेबिक, एडवांस डिप्लोमा इन अरेबिक, प्रोफिशिएंसी इन अरेबिक, डिप्लोमा प्रोफिशिएंसी इन फ्रेंच, पीजी डिप्लोमा इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, पीजी डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन, प्रोफिशिएंसी इन तमिल, प्रोफिशिएंसी इन उर्दू, पीजी डिप्लोमा इन इंफार्मेशन एंड साइबर सिक्योरिटी, पीजी डिप्लोमा इन गर्भ संस्कार, पीजी डिप्लोमा इन रिमोट सेंसिंग एंड जीआईएस, पीजी डिप्लोमा इन आर्कियोलॉजी एंड म्यूजियोलॉजी व पीजी डिप्लोमा इन डिजास्टर रिलीफ एंड रिहैबिलिटेशन की प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जा रही है। उन्होंने बताया कि चूंकि निर्धारित सीटों केसापेक्ष आवेदन उक्त कोर्सों में भी नहीं आए हैं, इसलिए इन कोर्सों का सीधे डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन कराया जा रहा है। आवेदक अभ्यर्थी मूल अभिलेखों व प्रमाण पत्रों की जांच के लिए 09 नवंबर को संबंधित विभाग में सुबह 10 बजे रिपोर्ट करें। प्रो. माथुर ने बताया कि उक्त में से भी नियमित कोर्स तो चलेंगे, लेकिन सेल्फ फाइनेंस में चलने वाले डिप्लोमा तभी चलेंगे, जब उनमें सीटों के सापेक्ष 60 फीसदी प्रवेश होंगे।

■ ***पीजी कोर्सों का हुआ डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन :*** लविवि में पीजी कोर्सों के तीन चरण में हुए प्रवेश में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन से छूटे व नवप्रवेशित विद्यार्थियों का सोमवार को संबंधित विभागों में डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया गया। विभागों में सुबह 10 बजे से ही विद्यार्थी इसके लिए पहुंचे और चरणबद्ध तरीके से उनके डाक्यूमेंट का वेरिफिकेशन किया गया। अब इनकी क्लास भी जल्द शुरू हो जाएगी। वहीं, दूसरी तरफ न्यू कैंपस स्थित आईएमएस में एमबीए के विद्यार्थियों की भी पहली फिजिकल रिपोर्टिंग की गई। इसकी प्रक्रिया देर शाम तक चली।

■ ***पीएचडी के सात कोर्सों में 11 तक जमा करें फीस :*** लविवि प्रशासन ने पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के क्रम में कई विषयों की कंप्लीट मेरिट लिस्ट जारी की थी। इस क्रम में अप्लाइड इकॉनमिक्स, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, इकॉनमिक्स, जियोलॉजी, फिलॉसफी, संस्कृत व स्टेटिस्टिक्स का सीट अलॉटमेंट छह नवंबर को जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी कट ऑफ देखकर अपनी लॉगइन आईडी का प्रयोग कर 11 नवंबर तक फीस जमा कर सकते हैं।

HINDUSTAN PAGE 6

सात विषयों में फीस की अवधि बढ़ायी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत सात विषयों की मेरिट रविवार को जारी की थी। एलयू की वेबसाइट पर एप्लाइड इकोनॉमिक्स, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, जियोलॉजी, फिलॉसफी, संस्कृत और स्टैटिस्टिक्स विषय की कट ऑफ और सीट आवंटन जारी किया। 10 नवम्बर तक फीस जमा करने का समय था। सोमवार को इन विषयों में शुल्क जमा की अवधि एक दिन बढ़ा 11 नवम्बर तक कर दी। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि अभ्यर्थी कटऑफ, सीट आवंटन देख सकते हैं।

एमबीए: 200 ने कराया सत्यापन

लखनऊ। पीजी में प्रवेश लेने वाले नव प्रवेशी अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन हुआ। एमबीए की पहली मेरिट सूची से चयनित 200 से अधिक छात्रों ने अभिलेख सत्यापन कराया। सत्यापन 9 और 10 अगस्त को भी होगा।

डिप्लोमा का वेरिफिकेशन कल

लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत डिप्लोमा पाठ्यक्रम के नव प्रवेशी छात्रों को अभिलेख सत्यापन नौ नवम्बर को होगा। डिप्लोमा अरेबिक, एडवांस डिप्लोमा अरेबिक, डिप्लोमा प्रोफेशिएंसी इन फ्रेंच, तमिल, प्रोफेशिएंसी उर्दू जैसे पाठ्यक्रम इसमें शामिल हैं।

i-NEXT PAGE 4

पीजी कोर्सों में विद्यार्थियों ने कराया सत्यापन

लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को परास्नातक कोर्सों में अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया हुई. सुबह 10 बजे से एमबीए सहित अन्य विभागों में छात्र-छात्राओं ने पहुंचकर अपने अभिलेखों की जांच कराते हुए प्रवेश प्रक्रिया पूरी की. द्वितीय परिसर स्थित इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंसेज में भी विद्यार्थियों की भीड़ रही. यहां भी सत्यापन के लिए शिक्षकों की टीम लगी रही. विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक, पीजी के तीसरे चरण में हुए सीट आवंटन में जिन्हें सीट आवंटित हो गई, उन सभी को सत्यापन का मौका दिया गया.

हॉस्टल के आवेदन के लिए आज भी मौका

लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक बार फिर परास्नातक के विद्यार्थियों के लिए हास्टल आवेदन की तिथि बढ़ा दी है. एमए, एमकाम, एमएससी सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राएं अब आठ नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं. हालांकि यह अंतिम अवसर दिया गया है. इस संबंध में चीफ प्राक्टर प्रोफेसर अनूप कुमार सिंह ने नोटिफिकेशन वेबसाइट पर जारी कर दिया. उन्होंने बताया कि एमबीए व पीजी के कुछ अन्य छात्र-छात्राएं आवेदन से छूट रहे थे, इसलिए एक दिन की तिथि बढ़ाई गई है. अभी तक छह नवंबर तक ही समय तय था. स्टूडेंट्स की मांग पर आवंटन के लिए आठ नवंबर तक का मौका दिया गया है.

i-NEXT PAGE 6

लखनऊ विश्वविद्यालय में डिप्लोमा कोर्स के लिए आए 321 आवेदन

9 को होगा 13 डिप्लोमा कोर्सों में एडमिशन के लिए सत्यापन

लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से सोमवार को जारी की गई डिटेल



27 डिप्लोमा कोर्स के लिए आए हैं आवेदन

321 के करीब आए हैं आवेदन

14 कोर्स कम आवेदन आने से हुए बाहर

LUCKNOW(7 NOV): लखनऊ विश्वविद्यालय ने डिप्लोमा कोर्सों में दाखिले के लिए सोमवार को शेड्यूल जारी कर दिया है. 13 डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा और एडवांस डिप्लोमा कोर्सों में ज्यादातर रेगुलर हैं. इनमें अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है, उन्हें अपने अभिलेखों का सत्यापन कराने के लिए नौ नवंबर को उपस्थित होना होगा. विस्तृत कार्यक्रम वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है. विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि इनमें भी वही कोर्स चलेंगे जिनमें मानक के अनुसार प्रवेश होंगे.

सुबह 10 बजे से सत्यापन

लखनऊ यूनिवर्सिटी में इस बार 27 डिप्लोमा कोर्सों में करीब 321 आवेदन आए हैं. इनमें कम आवेदन की वजह से 14 कोर्स पहले ही प्रवेश से बाहर हो गए. एडिशनल एडमिशन कोआर्डिनेटर अनित्य गौरव ने बताया कि 13 डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा कोर्सों में सीधे प्रवेश देने के लिए अभिलेख सत्यापन नौ नवंबर को सुबह 10 बजे से शुरू होगा। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को सभी मूल अभिलेख, प्रमाण पत्रों, अंक पत्रों एवं सभी की स्वप्रमाणित प्रति लेकर समय से पहुंचना होगा। उन्होंने बताया कि कोई भी डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, सर्टिफिकेट प्रोग्राम, जिनमें विज्ञापित सीटें 30 या उससे अधिक हैं। ऐसे कोर्स तभी चलेंगे जब उनमें न्यूनतम 20 विद्यार्थी दाखिला लेंगे। यदि किसी डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स में 30 या उससे कम सीटें हैं तो उनमें न्यूनतम 10 विद्यार्थियों का प्रवेश होना जरूरी है।

डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा अरेबिक, प्रोफिशिएंसी-सुबह 10 बजे, अरेबिक विभाग. डिप्लोमा इन प्रोफिसिएंसी इन फ्रेंच-अंग्रेजी विभाग, पीजी डिप्लोमा पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन-पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विभाग, पीजी डिप्लोमा ट्रांससलेशन-भाषा विज्ञान विभाग, प्रोफिसिएंसी तमिल-हिंदी विभाग, प्रोफिसिएंसी उर्दू-उर्दू विभाग, पीजी डिप्लोमा इंफार्मेशन एंड साइबर सिक्योरिटी-इंस्टीट्यूट आफ मास कम्युनिकेशन इन साइंस एंड टेक्नोलाजी, पीजी डिप्लोमा गर्भ संस्कार-दर्शन शास्त्र विभाग, पीजी डिप्लोमा रिमोट सेंसिंग एंड जीआइएस-भूगर्भ विभग, पीजी डिप्लोमा आर्कियोलाजी एंड म्यूजियोलाजी-एआइएच विभाग, पीजी डिप्लोमा डिजास्टर रिलीफ एंड रिहैबिलिटेशन-सोशल वर्क विभाग.

कोर्स वार यहां होगा सत्यापन

अभिलेख सत्यापन नौ नवंबर को सुबह 10 बजे से शुरू होगा. आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को सभी मूल अभिलेख, प्रमाण पत्रों, अंक पत्रों एवं सभी की स्वप्रमाणित प्रति लेकर समय से पहुंचना होगा. उन्होंने बताया कि कोई भी डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, सर्टिफिकेट प्रोग्राम, जिनमें विज्ञापित सीटें 30 या उससे अधिक हैं. ऐसे कोर्स तभी चलेंगे जब उनमें न्यूनतम 20 विद्यार्थी दाखिला लेंगे.

पीएचडी के लिए फीस जमा करने की तिथि बढ़ी

लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को पीएचडी दाखिले के लिए सात विषयों में सीट पाने वाले अभ्यर्थियों के लिए फीस जमा करने की तिथि बढ़ाकर 11 नवंबर कर दी है. प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर पंकज माथुर ने बताया कि एप्लाइड इकोनामिक्स, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, इकोनामिक्स, जियोलाजी, फिलासफी, संस्कृत, स्टेटिस्टिक्स विषय में उपलब्ध सीटों के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों का सीट अलाटमेंट जारी कर दिया गया है. अभ्यर्थी कटआफ देखकर पूर्व में दी गयी लागइन आइडी का प्रयोग करके फीस 11 नवंबर तक जमा कर सकते है. अभी तक इसकी अंतिम तिथि 10 नवंबर थी. लखनऊ यूनिवर्सिटी में यदि किसी डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स में 30 या उससे कम सीटें है तो उनमें न्यूनतम 10 विद्यार्थियों का प्रवेश होना जरूरी है.

JAGRAN CITY PAGE III

प्रवेश के लिए सत्यापन नौ को

13 डिप्लोमा कोर्सों के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय का कार्यक्रम जारी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने डिप्लोमा कोर्सों में दाखिले के लिए सोमवार को शेड्यूल जारी कर दिया है। 13 डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा और एडवांस डिप्लोमा कोर्सों में ज्यादातर रेगुलर हैं। इनमें अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है, उन्हें अपने अभिलेखों का सत्यापन कराने के लिए नौ नवंबर को उपस्थित होना होगा। विस्तृत कार्यक्रम वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि इनमें भी वही कोर्स चलेंगे जिनमें मानक के अनुसार प्रवेश होंगे।

लवि में इस बार 27 डिप्लोमा कोर्सों में करीब 321 आवेदन आए हैं। इनमें कम आवेदन की वजह से 14 कोर्स पहले ही प्रवेश से बाहर हो गए। एडिशनल एडमिशन कोआर्डिनेटर अनित्य गौरव ने बताया कि 13 डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा कोर्सों में सीधे प्रवेश देने के लिए अभिलेख सत्यापन नौ नवंबर को सुबह 10 बजे से शुरू होगा। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को सभी मूल अभिलेख, प्रमाण पत्रों, अंक पत्रों एवं सभी की स्वप्रमाणित प्रति लेकर समय से पहुंचना होगा। उन्होंने बताया कि कोई भी डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, सर्टिफिकेट प्रोग्राम, जिनमें विज्ञापित सीटें 30 या उससे अधिक हैं। ऐसे कोर्स तभी चलेंगे जब उनमें न्यूनतम 20 विद्यार्थी दाखिला लेंगे। यदि किसी डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स में 30 या उससे कम सीटें हैं तो उनमें न्यूनतम 10 विद्यार्थियों का प्रवेश होना जरूरी है।

डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा अरेबिक, प्रोफिशिएंसी-सुबह 10 बजे, अरेबिक विभाग। डिप्लोमा इन प्रोफिसिएंसी इन फ्रेंच-अंग्रेजी विभाग, पीजी डिप्लोमा पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन-पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विभाग, पीजी डिप्लोमा ट्रांससलेशन-भाषा विज्ञान विभाग, प्रोफिसिएंसी तमिल-हिंदी विभाग, प्रोफिसिएंसी उर्दू-उर्दू विभाग, पीजी डिप्लोमा इंफार्मेशन एंड साइबर सिक्योरिटी-इंस्टीट्यूट आफ मास कम्युनिकेशन इन साइंस एंड टेक्नोलाजी, पीजी डिप्लोमा गर्भ संस्कार-दर्शन शास्त्र विभाग, पीजी डिप्लोमा रिमोट सेंसिंग एंड जीआइएस-भूगर्भ विभग, पीजी डिप्लोमा आर्कियोलाजी एंड म्यूजियोलाजी-एआइएच विभाग, पीजी डिप्लोमा डिजास्टर रिलीफ एंड रिहैबिलिटेशन-सोशल वर्क विभाग।

पीजी कोर्सों में विद्यार्थियों ने कराया सत्यापन

लवि के द्वितीय परिसर स्थित आइएमएस में अभिलेखों का सत्यापन कराते विद्यार्थी • लवि

जासं, लखनऊ : लवि में शनिवार को परास्नातक कोर्सों में अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया हुई। सुबह 10 बजे से एमबीए सहित अन्य विभागों में छात्र-छात्राओं ने पहुंचकर अपने अभिलेखों की जांच कराते हुए प्रवेश प्रक्रिया पूरी की। द्वितीय परिसर स्थित इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंसेज में भी विद्यार्थियों की भीड़ रही। यहां भी सत्यापन के लिए शिक्षकों की टीम लगी रही। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक, पीजी के तीसरे चरण में हुए सीट आवंटन में जिन्हें सीट आवंटित हो गई, उन सभी को सत्यापन का मौका दिया गया।

छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की आखिरी तिथि बढ़ाने की मांग

लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शैक्षिक सत्र 2022-23 में छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ाने की मांग की है। छात्र-छात्राओं ने इसको लेकर ट्विटर पर अभियान शुरू कर दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री से इसे बढ़ाने का अनुरोध किया है। कहना है कि अभी तक बहुत से स्नातक व परास्नातक विद्यार्थियों के दाखिले की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। अन्य विश्वविद्यालयों का भी यही हाल है। इसलिए तिथि बढ़ाई जानी चाहिए।

हर साल समाज कल्याण विभाग दशमोत्तर छात्रवृत्ति पर शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए छात्र-छात्राओं को आवेदन का मौका देता है। इसके लिए बीते दिनों शासन ने शिक्षण संस्थानों के लिए समय सारिणी भी जारी की थी। इसमें मास्टर डेटा का सत्यापन करने के लिए 17 अक्टूबर तक समय दिया गया था। वहीं, छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति के लिए आवेदन के लिए सात नवंबर तक समय निर्धारित है। छात्रों का कहना है कि लखनऊ विश्वविद्यालय एवं अन्य विश्वविद्यालयों में जहां अभी प्रवेश प्रक्रिया जारी है। बिना प्रवेश पूरा हुए आवेदन नहीं हो सकता। इसलिए छात्रवृत्ति आवेदन की तिथि बढ़ाई जाए ताकि छात्रों को इसका लाभ मिल सके।

> समाज कल्याण विभाग की ओर से सात नवंबर तक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन का मौका दिया गया था। यदि तिथि बढ़ने पर ज्यादे आवेदन आएगा तो सूचित किया जाएगा।
>
> **संजय मेघवाली**, कुलसचिव, लवि

पीएचडी प्रवेश के लिए फीस जमा करने की तिथि बढ़ी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को पीएचडी दाखिले के लिए सात विषयों में सीट पाने वाले अभ्यर्थियों के लिए फीस जमा करने की तिथि बढ़ाकर 11 नवंबर कर दी है। प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर पंकज माथुर ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों का सीट अलाटमेंट जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी कटआफ देखकर पूर्व में दी गयी लागइन आइडी का प्रयोग करके 11 नवंबर तक फीस जमा कर सकते हैं। अभी तक इसकी अंतिम तिथि 10 नवंबर थी। (**जासं**)

VoL PAGE 6

पीएचडी प्रवेश परीक्षा परिणाम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सात विषयों की पीएचडी प्रवेश परीक्षा परिणाम के तहत मेरिट सूची जारी कर दी है। उपलब्ध सीटों के तहत चयनित अभ्यर्थियों का सीट अलॉटमेंट सोमवार को जारी कर दिया है। लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी कटआफ देख लें और पूर्व में दी गयी लॉगिन आईडी का प्रयोग करके फीस 11 नवम्बर तक जमा कर दें। इन विषयों में एप्लाइड इकोनॉमिक्स, बिजनेस एडमिस्ट्रेशन, इकोनॉमिक्स, जियोलॉजी, फिलोसफी, संस्कृत और स्टैटिक्स है।

13 डिप्लोमा कोर्स की काउंसलिंग 9 को

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के परास्नातक प्रवेश के तहत 13 डिप्लोमा व पीजी डिप्लोमा विषयों की काउंसलिंग 9 नवम्बर को संबंधित विभागों में होगी। इसकी जानकारी देते हुए प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि डिप्लोमा इन अरबिक, एडवांस डिप्लोमा अरबिक, प्रोफेसेंसी अरबिक, प्रोफेसेंसी इन फ्रेंच, पीजी डिप्लोमा इन पब्लिक एडमिस्ट्रेशन, पीजी डिप्लोमा ट्रांसलेशन, प्रोफेसेंसी तमिल, प्रोफेसेंसी उर्दू, पीजी डिप्लोमा इनफारमेशन एंड साइबर सिक्योरिटी, पीजी डिप्लोमा गर्भ संस्कार, पीजी डिप्लोमा रिमोट सेंसिंग एंड जीआईएस, पीजी डिप्लोमा आर्कोलॉजी एंड मास्कोलॉजी और पीजी डिप्लोमा डिसास्टर रिलीफ एंड रिहेबिलेशन हैं।